जरा सोचिये आराम से आप ये जीवन जी रहे है
पसंद का खा रहे है पसंद का पी रहे है
अच्छा भला घर है आपका लेकिन क्या करे
आपसे जुदा है शौक बेगम साहब का
आते ही कहें सुनीये जी हर चीज को बदलो
पहले पर्दे फिर सोफा फिर अपना हुलिया बदलो
अजी माना तनहाई से कभी दिल घबरायेगा
लेकिन इस घबराहट में जो शादी कर बैठे
ो उम्र भर पछतायेगा जीते जी अरे भई ना मारो कभी
-छला-होठो पे गीत जागे मन कहीं दुर भागे
खुशी मिली ऐसी
पंख उगाडु बिरोके से रुकूं खुशी मिली एसी-२
मै हुं गगन पे सितारे जमीं पर
रंग बिरंगा है हर नजारा सांसो के तार गाने लगे है
धडकन बनी है बहती धारा होठोपे गीत खुशी मिली
सरगम की डोरी में गीतों के मोती
सच सपनों की मोहक माला

आशा की नगरी में आज अचानक

पहला कदम ये मैंने डाला

होठों पे गीत जागे – खुशी मिली ऐसी

९–किशोर–मैं अकेला अपनी धुन में मगन

जिंदगी का मजा लिये जा रहा था मैं

कि तुम मिल गये तुम्हारा मुस्कुराना खिलखिलाना

तुम्हारा ठुनकना तुम्हारा दिल मिलाना

तुम्हारे कदमों की आहट तुम्हारी आंखों की मस्ती

तुम्हारे बालों की खुशबू इनसे मुझे क्या है हासिल

मेरे दिलमें दर्द है दया है तुम्हारे लिए कुछ है

मत पूछो क्या है–२ मेरे मैं नेक दिल हूं बुरा क्या सोचुं–२

तुम्हारी मोहब्बत तुम्हारा वफा इनसे मुझे क्या है हासिल

तुम दुर चली गई तो कैसे चलेगी ये जिंदगानी

अधुरी रहेगी तुम्हारा और तुम्हारी कहानी

तुम्हारा सजना संवरना झिलमिल निखरना

तुम्हारा गुनगुनाना गीत गाना मेरे सपनोंका सच हो जाना

मेरी मन,पसंद बन जाना इनसे मुझे क्या है हासिल

फिर भी ये है मेरी...मैं अकेला...

प्रकाशक—एफ. बी. बुरहानपुरवाला, सेंट्रल प्रकाशन

सिनेमा बिल्डींग, पावबाला स्ट्रीट. बंबई–४

मुद्रक—एस. के. बरगोनवाला

बाकीर प्रिंटिंग प्रेस, मुझफराबाद हॉल, ग्रांट रोड, बंबई–७

लाट साहेब

कथासार

×

जिंदगी की सबसे बडी सच्चाई का नाम है मौत । जिस तरह हर दिन के बाद रात और हर सुबह के बाद शाम जरुर होती ह इसी तरह मौत हर जिंदगी का अंजम जरुर होती है। हमारी कहानी भी जिंदगी और मौत की एक एसी तकरार है जिसमे ममता की मिठास के साथ साथ मोहब्बत के कडवे घूट भी शामिल है

हरी भरी वादियों का दामन में जहां सूरज की पहलीकिरण सान में ढलके आती है, एक सुबह एसी आई जो किसीकी मौत का पैगाम था और एक शाम एसी भी जो जिदंगी का आगाज है ।

जिदंगी और मौतके दोराहे पर खडा वह जंगू जो बहादूर भी था और सच्चा भी । वह जंगू जो नेक भी था और निडर भी वह जंगू जो मेहनती भी था ओर मुंह-फट भी और इसीलिये सारा गांव उसे लाट--साहब कहकर पुकारता था वह नहीं जानता था की उसका जिदंगी के नव्वे दिन था इनके फौरन बाद आनेवाली पूरणमाशी उसकी जिदंगी का, आखरी दिन होगी ॥

आगे परदे पर देखिए

इंटरनेशनल इंटर प्राइज

डायरेक्टर--हरी वालिया + म्यू.--शंकर जयकिशन

कलाकार-शम्मी कपूर, नूतन,प्रेम चोपडा राजेद्रनाथ ललितापवार

गाने-हसरत, शैलेद्र

लाट साहब के गाने

१

जंगू---जाने मेरा दिल किसे ढूंढ रहा है

इन हरी भरी वादियों मे

कभी न कभी टकरायेगा दिल से

इन ही वादियोंमें

ये किसीकी लगन मंजिल मंजिल

हर रोज मुझे दे जाती है

ये किसीकी तमन्ना सीने में जो आसका दीप जलाती है

जाने मेरा दिल किसे...

झरनोंमें नहाती जल परिया क्यो जाने मुझे ललचाती

जंगल की कंवारी कलियां भी हंस २ के कयामत ढाती

जाने मेरा दिल किसे ढूंढ...

जब देखे बिना मदहोस हूं मै

देखूगा उसे तो क्या हो...

क्या नूर भरी सूरत होगी क्या प्यार भरा जलवा होगा

जाने मेरा दिल किस ढूंढ...

२

जंगू--दिल लेगई लेगई इक चुलबुली चुलबुली नाजनीन
मुखडा है ऐसा जैसा उस जालिम का
हुस्न भरा है सारे आलम का
दिल लेगई लेगई.....
उसके काजल बिना नयन काले
और काजल लगाले तो क्या हो
उसके हाथों में सुरखी चमन की
और मेंहदी लगाले तो क्या हो
दिल लेगई लेगई लेगई.....
जितना गुस्सा करे वो हसीना और निखरे है उसकी जवानी
रंग आता है गोरे बदनपर जैसे चांदी पे सोने का पानी
दिल लेगई लेगई लेगई...
कितना नाजुक है वो छुई मुई अपने आंचल से
खुद दब रही है
एक चंपा मदहोश की डाली
अपने फूलों से खुद झुक रही है
दिल लेगई लेगई लेगई...,..

३

जंगू--सवेरे वाली गाडी से चले जाएंगे

कुछ लेके जाएगे कुछ देके जाएगे
सवेरे वाली गाडी....
ये मेला दो घडी दो दिनों की बहार
समय की बहती धार कहती जाती है पुकार
मेहमान कब रुके है कैसे रोके जाएगे कुछ लेके जाएगे
कुछ देके जाएगे सवेरे वाली गाडी....

लडकियां--सवेरे वाली गाडी...

जंगू--मिलो तो दिलो प्यारसे बोलो तो मीठी बात
हमारे बडे भाग्य हुई तुमसे मुलाकात
मिलेगा कुछ तो दिल जो यहां
खोके जाएगे कुछ लेके जाएग
कुछ देके जाएगे, सवेरे वाली गाडी...

लडकियां--सवेरे वाली गाडी....

जंगू--निशानी कोई प्यार की तो छोड जाएगे
कहानी कोई प्यार की तो जोड जाएगे
बनेंगे किसीके किसीके होके जाए , कुछ लेके जाएगे
कुछ देके जाएगे सवेरे वाली गाडी....

लडकियां-सवेरे वाली गाडी से चले जाएगे

जंगू-सवेरे वाली गाडी....

४

निक्की-मुझे जबसे मोहब्बत होगई बस एक मुसीबत होगई

दिल कहता है अब मुझसे प्रीतम की जरुरत होगई
मुझे जबसे मुहब्बत होगई...
मुझे प्यार नें ऐसा लूटा इक तीर जिगर पे टूटा
बस एक मोहब्बत सच्ची बेदर्द जमाना झूटा
ये कैसी हालत होगई

मुझे जबसे मुहब्बत होगई
इक आगसी दिलमें भडके दिल जोर से धडके
मुझे छू ले सर्द हवाए मेरा रोम रोम भडके
ये कैसी हालत होगई

मुझे जबसे मोहब्बत होगई
न उठते चैन मिले है न बैठे चैन मिले है
जब चांद खिले पूनम मेरे दिलके जख्म छीले है
ये कैसी कयामत होगई

मुझे जबसे मोहब्बत होगई

५

निक्की—ऐ चांद जरा छुप जाए वक्त जरा रुक जा
इक बात है होटोपे कहलूं तो करार आए
इक बोझ तो हट जाए...
जंगू—ऐ चांद जरा छुप जाए वक्त जरा रुक जा
रुख बनके इधरको है अब कियों न बहार आए
दुनियां न बदल जाए ऐ चांद जरा छुप जा

निक्की-सब ख्वाब सा लगता है इस रात में जादू है
खामोश नजरो की हर बात में जादू है
हम है कि बन्देसे है दिल है की उडा जाए
इक बात है होटोंपे कहलू तो करार आए
इक बोझ तो हट जाए ऐ चांद जरा छुप जाए
जंगू-मै प्यार की बाजी में दिल हारा तो क्या हारा
पहलू में मेरी दुनियां बाहोंमें जहां सारा
क्या देगा मुकद्दर अब हम मांग के पछताए
इक बात होटोपे कहलू तो करार आए
इक बोझ तो हट ज ए
निक्की-ऐ चांद जरा छुम जा ऐ वक्त जरा रूक जा
इक बात है होटोपे कहलू तो करार आए
इक बोझ तो हट जाए
जंगू—ऐ चांद जरा छुप जा...
निक्की-ऐ चांद जरा छुप जा...
दोनो—ए चांद जरा छुप जा

६

निक्की—तन में अग्नी मन में चुभन
कांप उठा मेरा भीगा बदन
ओ रब्बा खैर ओ रब्बा खैर ओ रब्बा खैर खैर खैर ३
ओ रब्बा खैर...

ओ रब्बा खैर...

जंगू–उजला मुख जैसे दर्पन काली लट जैसे नागिन
ओ रब्बा खैर ओ रब्बा खैर ओ रब्बा खैर ओ रब्बा खैर
ओ रब्बा खैर...

निक्की–कोई लहर जब तन को छूले
बीच भवर मोरी काया झूले
बात जिगर पर मारे पवन थामके दिल रह जाऊं सजन
ओ रब्बा खैर...

जंगू–फूलसे निखरे तेरी जवानी शोला बनगया ठंडा पानी
ओ रब्बा खैर...

निक्की–सोच न तू बाहोंमे लेले इश्क वही जो आग से खेले
चांद से उतरी चंद्र किरण कौन बुझाए मनकी तपन
आज हुआ दो दिल का मिलन
आज मिला धरती से गगन
ओ रब्बा खैर...

जंगू–ओ रब्बा खैर...

प्रकाशक–एफ. बी. बुरहानपुरवाला, सेंट्रल प्रकाशन.
पाववाला स्ट्रीट, कृष्णासिनेमा न्यू चार्नीरोडं मुं. ४
मुद्रक : सज्जाद हुसेन कुर्बान हुसेन,
बाकिर प्रिंटिंग प्रेस, मुझफराबाद हॉल, ग्रांटरोड मुं. ७

माया

* लाईट ऑफ एशिया फिल्म्स *

डायरेक्टर डी. डी. कश्यप * म्यु.-सलील चौधरी

कलाकार–देव आनंद, माला सिंहा, ललिता पवार, जयंत

गीत मजरूह सुलतानपुरी

माया के गाने

१

तस्वीर तेरी दिल में जिस दिन से उतारी है
फिरूं तुझे संग ले के नये नये रंग लेके
सपनों की महफिल में, तस्वीर तेरी दिल में...
माथे की बिंदिया तू है सनम
नैनों का कजरा पिया तेरा गम
नैन किये नीचे नीचे रहुं तेरे पीछे पीछे
चलो किसी मंजिल में, तस्वीर तेरी दिल में...
तुमसे नजर जब गई है मिल
जहां है कदम तेरे वही मेरा दिल
झुके जहां पलकें तेरी, खुले जुल्फें तेरी
रहुं उसी मंजिल में, तस्वीर तेरी दिल में...

२

कोई सोने के दिल वाला कोई चांदी के दिलवाला
शीशे का है मतवाले तेरा दिल

महफिल ये नहीं तेरी दिवाने कहीं चल
कोई सोने के दिलवाला...
है तो सनम लेकिन पत्थर के सनम यहां
प्यार वाली नरमी अदाओं में कहां
होटों से देख इन के टकरायेगा तेरा प्याला
कोई सोने के दिलवाला
क्या जाने ये कहां से आती है कानों में सदा
है दिवाने गम तेरा सबसे जुदा
इस महफिल से उठा दिल
ना बहलेगा ये मतवाला
कोई सोने के दिलवाला...

३

जारे जारे उड जारे पंछी
बहारों के देश जारे यहां क्या है मेरे प्यारे
क उजड गई बगिया मेरे मन की जारे...
न डाली रही ना कली
अजब गम की आंधी चली
हुई दुख की भूली राहों में

जारे ये गली है बिहरन की
बहारों के देश जारे यहां क्या है मेरे प्यारे
के उजड गई बगिया मेरे मन की जारे
मैं बीना उठा ना सकी
तेरे संग गा ना सकी
ढले मेरे गीत आहें में
जारे ये गली है असुअन की
बहारें के देश जारे यहां क्या है मेरे प्यारे
के उजड गई बगिया मेरे मन की जारे

-४-

ऐ दिल कहां तेरी मंजिल
ना कोई दीपक है ना कोई सहारा है
दिल है जमीं दूर आसमां
ए दिल कहां तेरी मंजिल...
किस लिये मिल मिल के दिल टूटते है
किस लिये बन्धन के महल टूटते है
किस लिये दिल टूट ते है
ऐ दिल कहां तेरी मंज़िल...

पत्थरों से पूछा शीशे से पूछा
खामोश है सब की जबां
ऐ दिल कहां तेरी मंजिल...
ढल गये नादां वो आंचल के साये
रह गये रास्ते में अपने पराये
आंचल भी छूटा साथी भी छूटा
ना हम सफर ना कारवां
ऐ दिल कहां तेरी मंजिल...

-१-

फिर एक बार कहो, इतना कहो
सुनो जी साजना मुझको तुमसे प्यार है
नहीं नहीं जी हां जी हां
फिर एक बार कहो...
ओ...किसे खयाल है दिल का मेरे
ओ...पूछो न परदा कौन करे
नयनों में तेरे चल गया कैसा
अपना प्यार कहो, फिर एक बार कहो
ओ...नींद में डूबा सारा नगर

ओ जाग रही तकदीर मगर
ऐसे में तुझको आज कहुं क्या
मेरी बहार कहो, फिर एक बार कहो

६

सनम तू चल दिया रस्ता
तेरे बिना तो क्या मैं रह नहीं सकता
तेरे बिना सनम तु चल दिया रस्ता
जायेगा उजड़ क्या ये सन्सार
जरा ये बतला दे हम से
एलोरा, एजंटा, कुतुबमिनार
खड़े है क्या तेरे दम से
रहेगी वो दिल्ली रहेगा ये बाम्बे और कलकत्ता
अजी जनाब सनम तु चल दिया रस्ता
भूल न सकेगा दिल जो मेरा
सनम तुम्हारी बातें को
कभी कभी दिवानें की तरह
फिरुंगा उठ के रातें को
जिया चाहे तरसे पर बिस्तर से
उठूंगा मैं हंस अजी जनाब
सनम तू चल दिया रस्ता

मझो गालेब

किमत २० पैशे

मिनर्वा मुवीटोन
डायरेक्टर–सोहराब मोदी ❁ म्यु.–गुलाम मोहम्मद
कलाकार–सुरैया, भारत भूषण, निगार. मुकरी, वगैरे
गीतं—शकिल बदायुनी, कलामें गालिब

मिर्झा गालिब के गाने

—१—

नुक्ताचीन है गमें दिल तुझको सुनाएं न बने
क्या बने बात जहां बात बनाएं न बने
गैर फिरता है लिए युं तेरे
खत को अगर कोई पूछे
के ये क्या है तो छुपाये न बनें मै बुलाता तो हुं
मगर ए जजबाए दिल इसपे बन जाए कुछ ऐसी के
बन आए न बने इश्क पर
जोर नही है ये वो आतिश है
गलिब के लगाए न लगे और बुझाए न बूझे

—२—

है बस के हर एक उनके इशारे में निशां और
करते है मोहब्बत वो गुजर ता है गुमां ओर
यार न वो न समझे रे न समझे रे मेरी बात
दे और दिल उनको जों न दे मुझकों जबां और
तुम शहर मे हों तों हमें क्या गम जब उठेंगे

ले आए में बाजार से जाकर दिलो जां और
है और भी दुन्यो में सरखुनीर दहोत अच्छे
करते है गालिब का है अंदाजे बस और

—३—

चली पी के नगर अब काहे का डर
मोरे बांके बलम कोतवाल
अपने पीया की मै वो तो बनी
मारो नजरया दिल होवे छलनी
मेंहदी से हथेली है लाल
बन दुल्हनिया मै इतराऊं
अब न किसी से आंख मिलाऊं
मोहे देखे ये किस की मजाल
घर मै बलम के राज करुंगी
सास ननद मै न डरुंगी
देवर को मै दूंगी निकाल
मोरे बांके बलम कोतवाल

—४—

फिर मूझे दिदगर याद आया
दिले जिगर तश्ना फरयाद आया
दम लिया थाम न कयामत ने हबूज
फिर तेरा वक्त सफर याद आया

जिन्दगी युं भी गुजर जाती है
क्युं तेरा रह गुजर याद आया
फिर तेरे कुचे को जाता है ख्याल
दिले गम गुश्त मगर याद आया

—५—

इश्क मुझको न सही वसहत ही सही
मेरी वशाहत तेरी शोहरत ही सही
खतम किजिए न ताल्लुक हम से
कुछ नही है तो अदावत न सही
मेरे होने में है क्या रुसवाई
गये वो मजीलस नही खल्वत ही सही
हम भी दुश्मन तो नही है अपने
गैर से तूझको मोहब्बत ही सही
हम कोई तर के वफा करते है
न सही इश्क मुसीबत ही सही
हम भी तस्लीम की खूं डालेगे
बे नियाजी तेरी आदत ही सही
याद से छेड चली जाये असद
गर नही वसल तो हसरत ही सही

—६—

दीले नादान तूझे हुवा क्या है

आखिर इस दर्द की दवा क्या है

हम है मुस्ताक और बेजार

या इलाही ये माजरा क्या है

मै भी मुंह मे जबां रखता हुं

काश पूछो के मुद्दाआ क्या है

हमको इनसे,वफा की है उम्मीद

जो नही जानते वफा क्या है

—७—

जान तुम पर निसार करते है

मै नही जानती दुवा क्या है

गंगा की रेती पे बंगला छपाई दे

सैया तेरी करे हाजी बलमा तेरी करे हो

खिडकी की ओर कोई बगया लगाई दे

फूलों की सरे हाजी बलमा तेरी सैर हो

नैनो से नैन मिलें बाते हो प्यार की

पायल के साथ बजे बंसी बहार की

एक तू हो एक मै हुं कोई गैर न हो

—८—

आह को चाहिए एक उम्र असर होने तक

कोन जीता है तेरी जुल्फ के सर होने तक

आशकी सब्र तलक और तमन्ना बेताब

दिलका क्या रंग करुं खुने जिगर होने तक
हमने माना के तगाफूल न करोगे लेकिन
खाक हो जाएगे हम तुमको खबर होने तक
गमे हस्ती का असद किस से हो मर्ग इलाज
शमा हर रंग मे जलती है सहर होने तक

--१--

सखी सरकार हैं तेरी गरीबो का तू दाता है
तेरे दर पर जो आता है
वो कुछ लेकर ही जाता है
जो तू चाहे तो घर उजडा हुआ आबाद हो जाए
कोई मजर तू गमकी कैदं स आझाद हो जाए
सजदे मै है सर तुझपर है नजर
शिकवे भी जबां तक आ पहुंचे
दुनिया के मालिक देख जरा
दीवाने यहां तक आ पहुंचे
भटकती फिर रही थी आरजू में गमकी राहों में
एका एक तेरी सूरत फिर गई मेरी निगाहों में
दुवाओ की वहां लाया जहां तासीर बनती हैं
सुना है ये तेरे दरबार में
तकदीर बनती है

जलता है बदन, फुंकता है जिगर

कर अब तो करम ले

अब तो खबर चिलमन से निकलकर देख जरा

दिवाने कहां तक आ पहुंचे

कहां जाए तेरी महफिल से उठकर तेरे दीवाने

हमारी लाज रखले अब तो

ऐ दुनिया के रख वालें

निगाहें फेर ली सबने लूटे है आस के दीदे

सुनेगा कौन अपनी दास्ताने गम सिवा तेरे

आए है इसी उम्मीद पे हम

जब तूही हमारा फिर गया गम

वो बात भला क्या बिगडेगी

जो बात यहां तक आ पहुंचे

—१०—

रहे अब ऐसी जगह चलकर जहां कोई नही

हम सुखन कोई नही और हम जवां कोई नही

बेदरो दीवार सा एक घर बनाना चाहिए

कोई हम साया न हो और पासबां कोई नही

पडे गर बीमार तो कोई न हो तिमार दार

और अगर मर जाए तो

नाहा खवां कोई न हो

ये न थी हमारी किस्मत के विसाले यार होता
अगर और जीते रहते यही इन्तजार होता
तेरे वादें पे जीये हम तो ये जान लूट जाए
के खुशी से मर न जाते अगर एतबार होता
कोई मेरे दिलसे पुछे तेरे तीरे नम कश को
ये खलिश कहां से होती
जो जिगर के पार होता
हुवे मर के हम जो रुसवा
हुवे क्यों न गर्क दर्या
न कही जनाजा उठता न कही मजार होता

तैयार है कभी कभी का मुखपृष्ट तैयार है

सिनेमा संगीत भाग ६२

किमत १—५० पैसे

प्रकाशक—एफ. बी. बुरहानपुरवाला, सेंट्रल प्रकाशन,
सिंप्लेक्स बिल्डिंग, पाववाला स्ट्रीट, बंबई—४
मुद्रक—एस. के. खरगोनवाला
बाकीर प्रिंटिंग प्रेस, मुझफराबाद हॉल, ग्रांट रोड बंबई-७

नीलकमल

किमत २५ पैसे

कल्पना लोक कृत

डायरेक्टर–राम महेश्वरी म्युझिक–रवी

कलाकार–वहीदा रेहमान, राज कुमार, मनोज कुमार मे.

गीत––साहिर

नील कमल के गाने

रफी–– १

आजा आजा २ तुझको पुकारे मेरा प्यार
आजा मै तो मिटा हुं तेरी चाह में
आखरी पल है आखरी आहे तुझे ढुंढ रही है
डूबती निगाहें बुझती सांसें तुझे ढुंढ रही
सामने आजा इकबार, आजा मै तो
दोनो जहां की भेट चढादी मैने चाह में तेरी
अपने बदन की खाक मिला दी
मैने चाहा में तेरी
अब तो चली आ इस पार, आजा...
इतने युगो तक इतने दुखो को
कोई सह न सकेगा
तेरी कसम मुझे तू है किसी की
कोई कह न सकेगा मुझसे है तेरा इतबार
तेरी नजर की ओस पडे तो
यास मिलन की

तेरे बदन की ओट मिटे तो रहे लाज लगन की
मिल जाए चैन करार
आजा मै तो मिटा हुं तेरी चाह में

आशा, रफी-- २

आओनी सखियो आओनी अडियो देखो चीज निराली
ना ये मुछो वाली शै है न ये चोटी वाली
मुझे तो सखी रुप उसका
दोनो के बिच कार लगता
देश देश में तेरी खातिर बितल बनकर घुमा
गा गा के वो धुम मचाई सारा योरुप झुमा
मुझे ना दुत्कार गोरिए के
मै तो तेरा यार लगता
जाने तू इन्सान है कोई या भुतनी का बच्चा
खुद को मेरा यार कहां तो खा जाऊंगी कच्चा
देखे तो तेरी जान निकले
जो मेरा दिलदार लगता
सात समन्दर पार से आया लेकर कपडा गहना
मै ही तेरा यार हुं गोरिए
मान ले मेरा कहना वहां ना एसा रुप भरता
तो लोगो को गंवारा लगता

मुर्गे जैसी तांगे तेरी बंदर जैसा चेहरा
तू और मेरे घर आएगा बांध के सिर पर सेहरा
शीशे में जाके तक मुखडा
तू तो कोई चिटी मार लगता
देख पहन ली फिर से मैने वो पोशाक निराली
अब तो मान अब तो कहदे मुझको अपना जानी
तुझपर सदके तुझ पर वारी मेरी भरी जवानी
तु खेतो का राजा बन गया मै सपनो की रानी
मुझे तो तेरा रुप सजना
बड़ा ही लच्छेदार लगता
तू मेरी दिलदार लगती मै तेरा दिलदार लगता

रफी-- ३

बाबुल की दुआएं लेती जा
जा तुझको सुखी संसार मिले
मै के कि कभी ना याद आए
ससुराल में इतना प्यार मिले
बाबुल की दुआएं लेती जा
नाजो से तुझे पाला है मैने
कलियो की तरह फुलो की तरह
बचपन में झुलाया है तुझको

बाहो में मेरी फुलो की तरह
मेरे बाग की पे नाजुक डाली
तुझे हर पल नई बहार मिले
बाबुल की दुआएं लेती जा...
जिस घर से बंधे तेरे भाग सदा
उस घर में सदा तेरा राज रहे
होटो पे खुशी की धुप खिले
माथे पे खुशी का ताज रहे
कभी जिसकी जीत न हो फिकी
तुझे एसा रुप सिंगार मिले
बाबुल की दुआएं लेती जा...
बीते तेरे जीवन की घडिया आराम की ठंडी छाओ में
कांटा भी ना चुभने पाए कभी
मेरी लाडली तेरे पांव में
उस द्वार से भी दुख दुर रहे
जिस द्वार से तेरा मिले
बाबुल की दुआएं लेती जा...

--४--

खाली डब्बा खाली बोतल मेरे यार
खाली से मत नफरत करना खाली सब संसार

बडा बडा सर खाली डब्बा
बडा बडा तन खाली बोतल
जिस पर लगा था भरे का लेबल
हमने इस दुनिया के दिलमें झांका ी ी बार
भरे थे तब बंगलो मै ठहरे
खाली हुए तो हम तक पहुंचे
महलो की खुशियो के पाले
फुटपाथो के गम तक पहुंचे
इन शरणार्थीयो के सर पर
देदे थोडा प्यार ले ले खाली
खाली की गारंटी दुंगा भरे हुए की क्या गारंटी
शहद में गुड के मेल का डर है
घी के अन्दर तेल का डर है
तम्बाकू में घास का खतरा
सेठ में झुठी बात का खतरा
मक्खन में चर्बी की मिलावट
केसर में काजल की मिलावट
मिरची में ईंटो की घिसाई आटे में पत्थर की पिसाई
व्हिसकी अन्दर टिचर घुलता
रबरी बीच बलौटिंग तुलता
क्या जाने किस चीज में क्या हो

गर्म मसाला ठीक भरा हो
क्यो दुविधा में पडा है प्यार
झाड दे पाकिट खोल दे अंटी
छान पीस कर खुद भर लेना
जो कुछ हो दरकार ले ले खाली

--५--

शर्मा के युं ना देख अदा के मुकाम से
अब बात बढ चुकी है द्याय के मुकाम से
तस्वीर खींच ली है तेरे शौख हुस्न की
मेरी ने आन्न खता के मुकाम से
दुनिया को भुलाकर मेरी बारी में झुल जा
आवाज दे रहा हुं वफा के मुकाम से
दिलके मुआमले मे नतीजे की फिक्र क्या
आगे है इश्क जुर्मो सजा के मुकाम से

--६--

यह जिंदगी जो थी अब तक तेरी पनाहो में
चली है आज भटकने उदास राहो में
तमन्ना उम्र के रिश्ते घडी में खाक हुए
न हम है दिलमें किसी के न है निगाहो में
ये आज जान लिया अपनी कम नसीबी ने
कि बेगुनाही भी शामिल हुई गुनाहो में

किसी को अपनी जरुरत न हो तो
निकल पडे सिमटने कजा की बाहो में

---७---

आशा--हो रोम रोम में बसने वाले राम
जगत के स्वामी हो अन्तर्यामी मै तुझसे क्या मांगू...
आस का बंधन तोड चुकी हु
तुझपर सब कुछ वार चुकी हुं
नाथ मेरे मै क्यो सोचू तू जानें तेरा काम
जगत के स्वामी है अन्तर्यामी
तेरे चरणो की धुल जो पाए
वो कंकर हीरा हो जाये
भाग मेरे जो मैने पाया इन चरणोमें धाम
भेद तेरा कोई क्या पहचाने
जो तुझ सा हो वो तुझे जाने
तेरे किये को क्या देवे भले बुरे का नाम

प्रकाशक–एफ. बी. बुरहानपूरवाला, सेंट्रल प्रकाशन
सिंप्लेक्स बिल्डिंग, पावबाला स्ट्रीट, बंबई–४
मुद्रक--एस. के. खरगोनवाला
बाकी प्रिंटिंग प्रेस, मुझफराबाद हॉल, ग्रांट रोड बंबई ७

प्रेम पर्वत

और टावर हाऊस

कीमत १२ पैसे

आर्टमकर प्रझेंटेशन शांतिसागर

डायरेक्टर–वेदराही　　　संगीत—जयदेव

कलाकार–रेहाना सुल्तान, सतीस कौल, नाना पलसीकर

गीत— जॉनिसार अख्तर, पद्मा सचदेव

० प्रेम पर्बत के गाने ०

१—मेरा छोटा सा घर बार मेरे अंगना में

छोटा सा चन्दा छोटे छोटे तारे

रात करे सिंगार मेरे अंगना मै

प्यारा सा गुड्डा मेरा अम्बर से आया

अम्बर से आया मेरे मन में समाया

कण कण में जागा है प्यार मेरे अंगना में

मेरा छोटा सा घर बार मेरे अंगना में

देहरी रंग लूं अंगना बुहारुं

तुलसी मईया मै तेरी नजर उतारुं

प्यार खडा मेरे द्वार मेरे अंगना में

मेरा छोटासा घर मेरे द्वारे अंगना में

रात सुहागन चांद को तरसे बोल न निकले आंख न बरसे

मौन खडी इक नार, मेरे अंगना में

मेरा छोटासा घर बार मेरे अंगना में

२—रात पिया के संग जागी रे सखी

चैन पडा जो अंग लागी रे सखी

सैया जी ने जादू फेरा बाहों का डाला घेरा

करके जरा अन्धेरा, अचरा जो खींचा मेरा
गोद पिया की तंग लागी रे सखी
रात पिया के संग जागी रे सखी
सईया जी ने डाका डाला उलझा लटो मै बाला
बिखरी गले की माला भडकी बदन की ज्वाला
देह धनूष रंग लागी रे सखी रात पिया के संग
गजरा सुहाना टूटा कजरा नयन का छुटा
सब तन भैया रे झूठा जितना सताया लूटा
और भी वो के अंग लाली रे सखी
तनकी छुपी तरंग जागी रे सखी चैन पडा जो अंग रे सखी
३—यह निर कहां से बरसे है बदरी कहां से आई है
गहरे गहरे नाले गहरा गहरा पानी
गहरे मनकी चाह अनजानी रे
जग की भुल भुलईये में कूंज कोई बौराइ है
यह बदरा कहां से आई है चीडो के संग आहे भरला
आग चनार की मांग मै धरली बुझ न पाए रे राख से भी जा
ऐसे अगन लगाई है यह बदरी कहां से आई है
पंछी पगले कहां घर तेरा रे
भुल न जाईयो अपना बसेरा रे
कोयल भुलगई जो घर वो लोट के फिर कब आई है
यह बदरी कहां से आई है
४—बन्नो-चुडी ना खनका मेरा बन्ना न डरा

मेरा बन्ना है अनजान, इस को दुध और भात खिलाना
बन्नो कंगना ना खनका मेरा बन्ना न डरा
मेरा बन्ना एक दम भोला तेरे डर से कुछ ना बोला
बन्ना बिछुवे खनका मेरा बन्ना न डरा
बन्ना डर के गिर न जाए अपने बोल से फिर न जाए
बन्नो घुंघट न सरका मेरा बन्ना न डरा
बन्नो काली है या गोरी बन्ना देख चोरी चोरी

५—यह दिल और उनकी निगाहो के साए
मुझे घेर लेते है बाहों के साए
पहाडो को चंचल किरण चुमती है
हवा हर नदी का बदन चुमती है
यहा से वहां तक है चाहो के साए
मुझे घेरे लेते है बाहो के साए
लिपटते यह पेडो से बादल घनेरे
पल पल उजाले, पल पल अन्धेरे
बहुत ठंडे ठंडे है राहो के साए
मुझे घेर लेते है बाहों के साए
धडकते है दिल कितनी आजादियों से
बहुत मिलते जुलते है इन वादियों से
मुहब्बत की रंगी पनाहों के साए
मुझे घेर लेते है बाहों के साए

❀ दीस प्रोडक्शन प्रेझेंट ❀

डायरेक्टर–एन· ए. अनसारी ❀ म्युझिक–रवी

कलाकार–अजीत, शकीला, एन. ए. अनसारी, भगवान

गीत—एस. एच. बिहारी

टावर हाउस के गाने

—१—

ये सितम क्या है बनाकर हमको दिवाना चले
दो घडी तो कम से कम ये दौर पैमाना चले
ये सितम क्या है.........
तुम से मिलकर बिन पिये ही शराबी हो गये
देख लो आंखों के डोरे भी गुलाबी हो गये
इक नजर में लुटकर तुम सारा मैखाना चले
ये सितम क्या है.........
जिन्दगी में ऐसी रातें रोज आने की नहीं
आ भी जाओ ये घडी दामन बचाने की नहीं
अब अधुरा छोडकर क्युं दिलका अफसाना चले
ये सितम क्या है.........

(असद भोपाली)

—२—

आज की रात अंधेरा भी तन्हाई भी
कोई इस रात की तन्हाई में हमराज नहीं

आसमां चुप है जमीं चुप है, जमाना चुप है
कोई साया कोई आहट कोई आवाज नहीं
ऐ मेरे दिले नादां तु गम से न घबराना
इक दिन तो समझ लेगी दुनिया तेरा अफसाना
ऐ मेरे दिले नादां.........
मालिक ने तुझे दी है ये जिन्दगी जीने को
तुफान में घिरने दे तु अपने सफीने को
जब वक्त इशारा दे साहिल पे पहुंच जाना
ऐ मेरे दिले नादां........

(असद भोपाली)

३– जरा बचके शिकारी शिकार करना
नैन जाने हमारे भी वार करना जरा बचके.........
हुस्न की शोख अदा देख के दिल न जाना
खाके आंचल की हवा क्यूं मचलता है भला
जा रे जा ओ दिवाने तेरी भूल है
दिल हमारे लिये बेकरार करना जरा बचके.........
फूल से गाल भी है रेशमी बाल भी है
आज तो बिखरे हुए जुल्फ के जाल भी है
बात माने न माने हमारी मगर
काम अपना तो है होशियार करना जरा बचके......
जान प्यारी है अगर, यूं न फिर देख इधर

खिंचकर तिरे नजर, मार दे हम जो अगर
उमर भर चोट खाके तडपता रहे
भूल जाये हसीनों से प्यार करना जरा बचके.........

(बिहारी)

४-मै खुशनसीब हुं मुझको किसी का प्यार मिला
बडा हसीन मेरे दिलका राजदार मिला मै खुशनसीब हुं...
है दिलमें प्यार जवां चुप झुकी झुकी नजरें
अजब अदा से कोई आज पहली बार मिला मै खुशनसीब हुं
किसी को पाके मेरे दिलका हाल मत पूछो
कि जैसे सारे जमाने पे इखत्यार मिला मै खुशनसीब हुं
किसी ने पूरे किये आज प्यार के वादे
मेरी वफा का सिला मुझको शानदार मिला मै खुशनसीब हुं
मेरे चमन का हर एक फूल मुस्कुराने लगा
वो क्या मिले कि मुझे मौसमे बहार मिला मै खुशनसीब हुं

(असद भोपाली)

५—मौसम है जवां नूर में डुबे है नजारे
ऐसे में हर एक दिल है किसी दिलके सहारे मौसम है जवां
ये फूलों की वादी, ये बहारों का जहां है
हंसता हुआ गाता हुआ रंगीन समां है
तुम दूर हो, फिर भी है ये दिल पास तुम्हारे
मौसम है जवां..........

ये झिल की मौजों के मचलने का नजारा
ये दूर से तकता हुआ खामोश किनारा
जैसे कोई हम दोनों की तस्वीर उतारे मौसम है जवां
इक आग सी लगती है जो चलती है हवायें
इक दर्द सा उठता है जो उठती है घटायें
जो दिन भी गुजरे है यही कहके गुजारे मौसम है जवां
(असद भोपाली)

६–ऐ मेरे दिले नादां तू गम से न घबराना
इक दिन तो समझ लेगी दुनिया तेरा अफसाना
ऐ मेरे दिले नादां............
अरमान भरे दिलमें जख्मों को जगा दे दे
भडके हुए शोलो को कुछ और हवा दे दे
बनती है तो बन जाये ये जिंदगी अफसाना ऐ मेरे दिले नादां
फरियाद से क्या हासिल रोने से नतीजा क्या
बेकार है ये बातें इन बातों से होगा क्या
अपना भी घडी भर में बन जाता है बेगाना
ऐ मेरे दिले नादां....... ...

प्रकाशक—एफ· बी. बुरहाणपुरवाला, सेंट्रल प्रकाशन
सिंप्लेक्स बिल्डिंग पाववाला स्ट्रीट बंबई ४
मुद्रक—एस. के. खरगोनवाला
ब.कीर प्रिंटिंग प्रेस मुझफ.राबाद हॉल ग्रांट रोड बंबई ७

शराबी

कीमत ०४ रुपये

......प्रकाश मेहरा प्रेझेंट.. ...

डायरेक्टर-प्रकाश मेहरा... संगीत-बप्पी लहरी

कलाकार-अमिताभ बच्चन, जया प्रदा, ओमप्रकाश, प्राण

गीतकार-अंजान

शराबी के गाने

१-लडका-हां जहां चार यार मिल जाय
वही रात हो गुजार, जहां चार यार मिल जाय
महफिल रंगीन जमे-२ दौर चले धुम मचे
मस्त मस्त नजर देखे नये चकरकार
जहां चार यार मिल जाय
बन ए कोन्क इन माई हाउस देर वोज
ए कैत देर वोज ए माउस, खेल रहे थे दंडा गिली
चुहा आगे पीछे बिली चुहे पढ गए
जान के लाले बोला मुझ को कोई बचा ले
चुहा आगे पीछे बिल्ली ४
बंद झरोका बंद थी खिडकी
बिगडी हुई थी हालत उसकी
मेरे पास था बडा गिल्लास, पी गया चुवा सारी विस्की
खडक के बोला कहां है बिल्ली है
दुम दुबा के बिल्ली भागी चुहे की फुटी किस्मत जागी
दुम दबा के बिल्ली भागी २

खेळ रिसकी था किया विस्की ने बडा पार २
महाफिल रंगीन जेम...
एक था हसबंद एक थी वाईफ
बिलकुल उलटी उनकी लाईफ
डंकन हसबंद फाईटर वाईफ
निले बिगडे शौहर तिगडे रोज के
जगडे रोज के लफडे जगडे अरे जगडे लफडे
बीबी की थी एक सहेली उसने उसको कुछ समझाये
तब बीबी की समझ में आया
रात को शौहर पी के आया दरवाजे पे केह केह लगाया
उसकी बिबी बन गई भोली भाली खोली २ हंस के बोली
जाने तमन्ना अन्दर आवो पहले तो कुछ खाओ
फिर बिस्तर पे होगी बाते बडे प्यार से कटेगी राते
शौहर सोचा भुल मै ये किस के घर आ गया यार
मेरी बिबी मुझे कभी भी प्रेम नही करती इतना प्यार
शौहर बिस्तर छोडके भागा
अरे गुल्ली ताळा तोडके भागा २
छोड दे तो माफ किजिए मेरे साथ जरा इन्साफ किजिए
मुझको अपने घर जाना है वरना बिबी फिर मारेगी
उस दिन बिवी होस में आई, बंद हो गई सारी लडाई
नफरत हारी उल्फत जीती रुठी खुशी लौट आई

पिना छुट गया बिबी ने इतना दिया प्यार-२
फिर दोनो ऐसे मिले प्यार में ही डुब गए
प्यार अगर मिले तो हर नशा है बेखार
जहां चार यार मिले जाए
२-लडकी-अंग अंग तेरा रंग रचा के
ऐसा करु सिंगार जब २ झांझर
बंदे पावो में खनके मन के तार
मुझे नवलखा मंगा दे हो सैया दिवाने
मुझे नवलखा मंगा दे हो सैया दिवाने
माथे पे झुमर कानो झुमका
पावो में पायालिया हाथो में हो कंगना
मुझे नवलखा मंगा रे हो सैया दिवाने
तुझे मै तुझ मै तुझे गले से लगा लुंगी
सलमा सितारो की झील मिल चुनरीयां
ओ हो पहन के तो फिसले नजरीयां
मुझे सजा दे बलमा-२
कोरी कुवारी ये कमसीन उमरीया
तेरे लिए नाचे सजके सावरीया
लाली मगा दे सजना सुरज से लाली मगा दे सजना
तुझे मै तुझे मै तुझे होठो से लगा लुगी हो सैया दिवाने
मुझे नवलखा मगा दे रे हो सैया दिवाने
तुने तो सारी उमरीया लुटाये बैठी बलमा

दो अखियो की शरारत में
मै तो जन्मो का सपना सजाए बैठी सजना
खो के तेरी मुहब्बत में
माना है माना ये अब मै
होता है क्या तीर का लगाना
रुठे ये दुनिया या रूठे जमना
जाना है मुझको सजन घर जाना हो जैसे सजन के
जैसे अखिया मे तु मुस्काना
तरीया ले मांग सजा के
पुनम से चन्दा की बिंदिया मंगा दे
तुझे मै तुझे मै तुझे माथे पे सजा लुंगी हो सैया दिवाने
माथे पे झुमर कानो मे झुमका पावो मे पायलिया
मुझे नवलखा मंगा दे रे हो सैया दिवाने
तेरे होठो पे सजा दुंगी मै सारे मैखाने
लडका-तेरे नाम लोग कहते है मै शराबी
तुमेने भी शायद ये ही सोच लिया हो
लोग कहते है मै शराबी हुं
किसी के हुस्न की गुरुर जवानी का नशा
किसी के दिल से मुहब्बत की रवानी का नशा
किसी को देख के सांसो से उभरता है नशा
बिना पिए भी कही हद से गुजरता है नशा

नशे में कौन नही है मुझे बताओ जरा
किसे है होश मेरे सामने तो लाओ जरा
नशा है सब पे मगर रंग नशे का जुदा
खिली खिली हुई सुबह पे शबनम का नशा
हवा पे खुशबु सा बादल पे है रिमझिम का नशा
कही सुरर हैं खुशियो का कही गम का नशा
नशा शराब में होता तो नाचती बोतल
नशा में कोई नही है मुझे बताओ जरा २
लोग कहते है मैं शराबी हूं
तुमने भी शायद ये सोच लिया होगा
थोडी आंखो से पिला दे रे सजनी दिवानी
तुझे मे तुझे मे तुझे सांसो मे बसा लूंगा सजनी दिवानी
तुझे नवलचा मंगा दूंगा सजनी दिवानी
३–लडका–मंझिलो पे आप मुझ से है दिलो के कारवा
कसातियां साहील से अक्सर डुबती है प्यार की
मंझिले अपनी जगह है रास्ते अपनी जगह २
जब कदम ही साथ ना तो मुसाफिर क्या करे
थुं तो है हम भी और हम सफर भी है मेरा
बढ के कोई हाथ ना दे दिल बहला फिर क्या करे
मंझिले अपनी जगा है रास्ते अपनी जगा
डुबने वाले को तिनके सहारा बहुत

दिल बहल जाए फकत इतना इशारा ही बहुत
तेरे परभी आसमां वाला गिरादे बिजलिया
कोई बतलादे जरा डुबता फिर क्या करे
मंझिले अपनी जगा है रास्ते अपनी जगा
प्यार करना जुलम है तो जुलम हम से होगया
काफिले मां की हुआ करते नही ऐसे गुन्हा
संग दिल है जहां और संग दिल मेरा चनम
क्या करे जोसे जुनु और हौसला फिर क्या करे
मंझिले अपनी जगा है रास्ते अपनी जगा
जब कदम ही साथ ना दे तो मुसाफिर क्या करे
यो तो है हम दर्द भी और हमसफर भी है मेरे
बढ के कोई हात न दे दिल भला फिर क्या करे
४-लडका-हम बंदे हैं प्यार क मांगे सबकी खैर
हां अपनी सब से दोस्ती नही किसी की बैर
हां दे दे प्यार दे दे प्यार दे हम से प्यार दे
दुनिया वाले सब कुछ भी समझे हम है प्रेम दिवाने
जहां भी जाए तुझे पुकारे गाके प्रेम तराने
दे दे प्यार दे प्यार दे प्यार दे
अरे आने को तो लोग है आते
सुरज चान्द सितारे हां फिर भी अंधेरी
है ये दुनिया तु ही दाग दिखा दे

प्रेम प्यार से प्रेम की बरखा प्रेम नगर से बरसे
ये देखकर दुनिया तुझे कोई गिल्लास प्यासा तरसे
दे दे प्यार दे प्यार दे
अरे कहां दिलो के बीच खडी जो बोह दिबार गिरी
हां दिल में खोई २ ऐसी प्यार की ज्योति जगा दे
प्यार दे दिल में तो लगती है सारी दुनिया प्यारी
हम सारी दुनिया से सारी दुनियां हमारी
दे दे प्यार दे प्यार दे दे

यैार है ॥ ॥ तैयार है ॥ ॥

सिनेमा संगीत भाग ७८ वा

किमत ३-००

प्रकाशक-एफ. बी. बुरहानपुरवाला, सेंट्रल प्रकाशन
सिंग्लेक्स बिल्डिग, पाववाला स्ट्रीट बंबई-४
मुद्रक-एस. के. खरगोनवाला
बाकीर-प्रिटिंग प्रेस, मुजफराबाद हॉल ग्रांट रोड, बंबई-७

शिकार
ईस्टमनकलर
कीमत १० पैसे
शिकार

कथासार

—❦—

अजयसिंह (धर्मेन्द्र) एक प्राइवेट जंगल की देखभाल करता है जो उसके एक अमीर दोस्त माथुर (रमेश देव) की मिलकियत है एक दिन आदमखोर शेर एक मजदूर औरत को उठाकर ले जाता है ये औरत इसी जंगल में काम करती थी अजय और नरेश आदमखोर का पिछा करते है और आखिर में उसे बंदुक की गोली का निशाना बना देता है इसी खुशी में रात को जंगली लोग जश्न मनाते है

उसी रात अजय अपने सोने के कमरे कि खिडकी से देखता है कि एक जिप गाडी तेजी से जा रही है और बडे धमाके के साथ एक दरखतसे टकराकर उलट जाती हैं। अजय बाहर भागता है और एक्सीडेंट की जगह से एक खूबसूरत जवान लडकी को उठाता है जो गाडी चलाती थी अजय उस बेहोश लडकी को उठाकर कमरें में लाता है और बिस्तर पर लिटाकर खुद डाक्टर को बुलाने शहर की तरफ जाता है जो वहां से बीस मिल दुर है जैसे ही वो गाडी में जा रहा है देखता है कि नरेश के बंगले का दरवाजा टूटा हुआ है और उसकी जिपं बाहर खडी है

आगे पन्देपर देखिए

+ गुरुदत्त फिल्मस *

डायरेक्टर-आत्माराम 卐 म्यु.-शंकर जयकिशन

कलाकार-आशा पारेख, धर्मेन्द्र, हेलन, संजीवकुमार, जानीवाकर

- शिकार के गाने --

आशा— १

लड़की-पर्दे में रहने दो पर्दा न उठाओ

पर्दा जो उठ गया तो भेद खुल जाएगा

अल्ला मेरी तौबा अल्ला मेरी तौबा

कोरस—अल्ला मेरी तौबा अल्ला मेरी तौबा

लड़की-मेरे पर्दे में लाख जलवे है

कैसे मुझसे नजर मिलाओगे

जब जरा भी नकाब उठाऊंगी

याद रखना के जल ही जाओगे, पर्दे में रहने दो

हुस्न जब बे नकाब होता है

वो समां लाजवाब होता है

खुद को खुद की खबर नहीं रहती

होश वाला भी होश खोता है, पर्दे में......

हाय जिसने मुझे बनाया है

वो भी मुझको समझ न पाया है

मुझको सजदे किए है इन्सां ने

इन फरिश्तोंने सर झुकाया है, पर्दे में...

रफी—　　　　　　　　४

लड़का-तुम्हारे प्यार में हम बेकरार होके चले
शिकार करने को आए होके चले
तुम्हें करीब से देखा तो दिलको हार दिया
तुम्हारी शोख अदा ने हमें तो मार दिया
हरएक बातपे हमतो निसार होके चले, शिकार करने...
तुम्हारी आंख मुहब्बत की बात कहती है
तुम्हें जरूर किसीकी तलाश रहती है
ये राज़ जान गए राजदार होके चले
शिकार करने को...
न इतना होश न अपनी खबर कहां है हमें
इसी का नाम महब्बत है मेरे हमदम
तुम्हारे कूचे से दिवाना वार होके चले शिकार करने

आशा भासले—　　　　　　　　३

हाय मेरे पास तो आ किधर ख्याल है
आंख से आंख तो मिला किधर ख्याल है
इधर भी एक नजर करदे मेरे मन चाहे परवाने
घड़ी घड़ी न भायगी कहां खोया है दिवाने
हाय मेरे पास तो आ...
पड़े है हमभी राहों में मिटादे जितना जी चाहे
सितम भी मेरे प्यारे सताले जितना जी चाहे

हाय मेरे पास तो आ

मत्र ता है दि ... नादां नहीं माने बडी मुश्किल

कहां तुझको समझाऊं मेरा बनजा मेरे कातिल

हाय मेरे पास तो आ...

महेंद्र, कृष्ण कहे— ४

लडका-मेरे सरकार मेरी आहों का असर देख लिया

लडकी-हां असर देख लिया

लडका—रुक गए आप वफाओं का असर देख लिया

लडकी-हां असर देख लिया

लडका-प्यार सच्चा हो तो ये वक्त भी रुक जाता है

आसमां लाख ऊंचा रहे झुक जाता है

आपने दिलकी दुआओं का असर देख लिया

लडकी-हां असर देख लिया   लडका-मेरे सरकार

लडका-आगए आपके कदमों में उतर कर बादल

बनगई मस्त घटा आपके सर का आंचल

आपने शोख फिजाओं का असर देख लिया

लडकी-हां असर देख लिया   लडका-मेरे सरकार

लडका-फूल से चहरे पे हसीं भी आई

आज सौ रंग लिए दिल में खुशी भी आई

आपने इश्क की राहों का असर देख लिया

लडकी—हां असर देख लिया   लडका—मेरे सरकार

५

आशा भोसले—

लडकी—मै अलबेली प्यार जताके ल लेती हूं दिल

एक नजर मै जिसपे डालूं होजाए गाफिल

मेरी आंखें जो भी देख बहका २ जाय

मेरी बातें जो भी सुनले सौ २ चक्कर खाय

हुदरी या या या

मेरा जैसा कौन मिलेगा मस्ताना कातिल

एक नजर मै जिसपे डालूं होजाय गाफिल

मै अलबेली प्यार......

बचके रहना ए दिलवालों मै हूं एक बला

हंस हंस के जो चाहे ले लूं वो हूं शोख अदा

हुदरी या या या

जिसको चाहे कर लेती हूं पलभर में हासिल

एक नजर मै जिसपे डालूं होजाए गाफिल, मै अलबली...

चंदा से भी उजली हूं मै शोला चिंगारी

फूल समझ दिलसे खेलू मै तितली मतवारी

हुदरी या या या

दम से मेरे इस दुनियां की रंगी महफिल

एक नजर मै जिसपे डालूं होजाए गाफिल, मै अलबली...

६—जबसे लागी तोसे नजरिया

नस नस में दौडे है बिजुरिया

आजा अ जा मोरे सांवरियां
मोसे संभले न बाली उमरिया

नैन हुए है दोनों गुलाबी
चाल चलूं मै जैसे शराबी

भेद जिया के कैसे बताऊं
पढले मोरा चेहरा किताबी, जबसे लागी तोसे नजरिया
रंग में तोरे मै तो रंग गई
प्यार की बतियां मै तो समझ गई

जान ले तू भी मोरे बलम
आज काहे इतनी सज गई, जबसे लागी...
राह नवेली डर मोहे लागे
थाम ले बैयां सामने आके

खोज में तेरी खुद खो जाऊं
तू जो मिले तो ये जागे
जब से लागी तोसे नजरिया......

प्रकाशक–एफ. बी. बुरहानपूरवाला; सेंट्रल प्रकाशन, सिप्ले रूम बिल्डिंग; पाववाला स्ट्रीट, ड्रीमलैंड सिनेमा न्यू चार्नीरोड, बंबई ४
मुद्रक—एस. के. खरगोनवाला
शाकीर प्रिंटिंग प्रेस, मुझफराबाद हॉल; ग्रांट रोड, बंबई ७

तीसरी कसम

कथासार

...X...

भोला भाला देहातीगाड़ीवान हिरामन और नौटंकीकी एक्ट्रेस हिराबाई जीवनकी राहमें आ मिली। एक हिरामन हिराबाई को फार्बिजगंज के मेले में जा रहे थे, तीन घंटे का सफर था साथ उन्होंने एक दूसरे के पास ले आया॥ हिराबाई की जिंदगी म शायद पहली बार एक हिरा आदमी मिला। जिसका मन गंगा के निर्मल पानी की तरह स्वच्छ था। हिरामनने शायद पहली बार एक औरत को इतने नजदीक से देखा बात ही बात में सफर कट गया॥

मेले में पहुंचकर हिराबाईने हिरामन को अपनी नौटंकी देखने का बुलावा दे डाला॥ हिरामन रोज तमाशा देखने पहुंचता हिराबाई रोज नये रुपमें सजधज कर स्टेज की चका चौंधमें उतर के गाती गाती रोज पर्दा खुलता और एक नया खेल शुरू होता

हिरामन और हिराबाई को पता भी नहीं चला नौटंकी की इस दुनियामें परदे के पीछे एक और खेल शुरू होगया है और तमाशा देखते देखते वे खुद तमाशा बनगए है, प्यारके खेल की शुरुआत ऐसे ही अनजाने में हो जाती है, बिलकुल अलग किस्मतकी दुनियाओंसे आए हिरामन और हिराबाई आ तो मिले एक जगह लेकिन

आगे परदेपर देखिए

❀ शैलेंद्र प्रेझेंट ❀

डायरेक्टर : बसु भट्टाचार्य ❀ म्यु.—शंकर जयकिशन

कलाकार—राजकपूर, वहिदारेहमान, दुलारी, असीत सेन वगैरे

तीसरी कसम के गाने

१

सजनरे झूट मत बोलो खुदाके पास जाना है
न हाथी है न घोडा है वहां तो पैदल ही जाना है
तुम्हारे महल चौबारे यहीं रह जाएंगे सारे
अकड किस बातकी प्यारे य सरभी झुकाना है, सजनरे...
भला कीजे भला होगा बुरा कीजे बुरा होगा
वही लिख २ के क्या होगा यहीं सब कुछ चुकाना है, सजनरे...
लडकपन खेलमें खोया जवानी नींदभर सोया
बुढापा देखकर रोया वही किस्सा पुराना है, सजनरे...

—शैलेंद्र

२

सजनवां बैरी होगए हमार
चिठ्ठियां हो तो हर कोई बांचे भाग न बांचे कोई
करमवा बैरी होगए हमार
जाय बसे परदेसे सजनवा सौतन के भरमाए
न संदेश कोई खबरिया रुत आए रुत जाए
डूब गए हम बीच भंवरमें करके सोलह पार

सजनवा बैरी गए हमार
सूनी सेज मोद मोरी सूनी मरम न जाने कोय
छटपट तड़पे प्रीत बिचारी ममता आंसू रोये
न कोई इस पार हमारा न कोई उसपार
सजनवा बैरी गए हमार — शैलेंद्र

-३-

दुनियां बनाने वाले क्या तेरे मनमें समाई
काहे को दूनियां बनाई तू ने काहे को दुनियां बनाई
काहे बनाए तूने माटी के पुतले
धरती ये प्यारी प्यारी मुखड़े पे उजले
काहे बनाया तूने दुनियां का खेल
जिसमें लगाया जवानी का मेल
गुपचुप तमाशा देखे वाहरे तेरी खुदाई
तू ने काहे को दुनियां बनाई
तू भी तो तड़पा होगा मनको बनाके
तूफां ये प्यारका दिलमें छुपाके
कोई छबीतो होगी आंखों में तेरी
आंसू भी छलके होगे पलकोंमे तेरी
बोल क्या सूझी तुझको काहे को प्रीत जगाई, तूने काहे क...
प्रीत बनाके तूने जीना सिखाया
हंसना सिखाया रोना सिखाया

जीवन के पथ पर मीत मिलाए

मीत मिलाके तू ने सपने जगाये

सपने बनाके तू ने कांहे को दे दी जुदाई

तूने काहे को दुनिया बनाई —हसरत जैपुरी

-४-

चलते मुसाफिर मोह लिया पिंजरे वाली मुनिया

उड़उड़ बैठी हलवईया दूकनियां

बरफी के सब रस ले लियारे पिंजरे वाली मुनिया

उड़उड़ बैठी बजजवा दूकनियां

कपड़ा के सब रस ले लियारे पिंजरे वाली मुनिया

उड़उड़ बैठी बवनियां

बिड़ा के सब रस ले लियारे, पिंजड़ वाली मुनियां

—शैलेंद्र

-५-

पान खाए सैयां हमारे

सांवली सुरतियां होंठ ल ल ल ल

हाय हाय मलमल का कुर्ता

मलमल के कुरत पे छींटे लाल लाल

हमने मगाई सुरमेदानी ले आया जालिम बनारस का जर्दा

अपनी ही दुनियां में खोये रहे

वो हमारे जी को न पूछे बेदर्दी पान खाए

बगिया गुनगुन पायल छुन छुन
चुपके से आई है रुत अलबेली
खिल गई कलियां दुनियां जाने
लेकिन न जाने बगिया का माली, पानखाए
खाके गिलोरी शामसे उडे सोजाए वो दिया बातीसे पहले
आंगन अटारी मै घबराइ डोलूं
चोरीके डरसे दिल मोरा दहले—पान खाए...

—शैलेंद्र

६

मारे गए गुलफाम अजी हां मारे गए गुलफाम
उल्फत भी रास न आई अजीहां मारे गए गुलफाम
एक सब्ज परी देखी और दिल गंवा बैठे
मस्ताना निगाहोंपर फिर होश लूटा बैठे
काहे को मै मुस्काई अजीहां मारे गए गुलफाम
आबरु की कटारीसे नैनों की दो धार से
वह होके रहे जखमी इक वादे दहारीसे
ये जुल्फ क्युं लहराइ अजी हां मारे गए गुलफाम
एक प्यारकी महफिलमे वो आए मुकाबिलमें
वो तीर चले दिलपर हलचलसी हुई दिलमें
चाहतकी सजा पाई अजीहां मारे गए गुलफाम...

—हसरत जैपुरी

७

हुया गजब कहीं तारा टूटा

लूटारे लूटा मेरे सैयाने लूटा

पहला तारा अटरियापे टूटा दांतों तले मैंने दाबा अंगुठा

लूटारे लूटा सांवरिया लूटाने

दूसरा तारा बजरिया में टूटा

देखा है सबने की मेला था छूटा

लूटारे लूटा सिपहियाने लूटा

तीसरी तारा फुल बगियामें टूटा

फूलोंसे पूछ कोई है कौन झूटा

लूटारे दरोगाने लूटा

शैलेंद्र

८

लाली लाली डोलियामे लालीरे दुल्हनियां

पियाकी प्यारी भोली भालीरे दुल्हनियां

मीठे बैन तीखे नैनों वालीरे दुल्हनियां

लौटनी जो गोदी भरे भरे हमें न बुलाना

लड्डू पढे खाना अपन हाथोंसे खिलाना

तेरी सब रात ही दीवालीरे दुल्हनियां

दुल्हे राजा रखना जतनसे दुल्हको

कभी न दुखाना तुम गोरिया के मन को

नाजुक है ताओं की पालीरे दुल्हनियां

मन मुस्काये दोनों मुखड़ा छुपाये
भेद न खोले न तो बोले बतियारे
जुग जुग जिए जोड़ी मतवाली दूलहनियाँ —शैलेंद्र

—९—

रहेगा इश्क तेरा खाक में मिलाके मुझे
हुए है इब्तेदा में रंज इन्तहा के मुझे
आभीजा रात ढलने लगी चांद छुपने चला
शाम की तरह रातभर तेरी याद में बखबर
जली आरजू दिल जला सितारोंने मूंह फेरकर
कहां अलविदा हमसफर चला कारवां अब चला
उफक पर खडी है सहर अन्धेरा है दिल में इधर
वही रोज का सिलसिला —शैलेंद्र

तैयार है ? तैयार है !

सिनेमा संगीत भाग ४० वां

तीन रंगी मुखपृष्ठ किमत ६० पैसे

प्रकाशक—एफ. बी. बुरहानपूरवाला, सेंट्रल प्रकाशन, सिल्वेषस बिल्डिंग, पाववाला स्ट्रीट, कृष्णासिनेमा न्यू चर्निरोड, बंबई—४
मुद्रक—सज्जाद हुसेन कुर्बान हुसेन
बाकीर प्रिंटिंग प्रेस, मुझफराबाद हॉल, ग्रांट रोड, बंबई—७

तीसरी कसम

किमत २५ पैसे

कथासार

—※—

भोला भाला देहाती गाडीवान हीरामन और नौटंकी की एक्ट्रेस हीरबाई जीवन की राह में आ मिले एक दिन हीरामन हीराबाई को फार्बिसगंज के मेले में ले जा रहा था तीस घंटे का सफर का समय उन्हें एक दुसरे के पास ले आया हीराबाई को जिंदगी में शायद पहली बार एक हीरा आदमी मिला जिसका मन गंगा के निर्मल पानी की तरह स्वच्छ था हीरामन ने शायद पहलीबार एक औरत को इतने नजदीक से देखा बात ही बात में सफर कट गया.

मेले में पहुंचकर हीराब ई ने हीरामन को अपनी नौटंकी देखने का बुलावा दे डाला हीरामन रोज तमाशा देखने पहुंचता हीराबाई रोज नए नए रुप में सजधज कर स्टेज की चकाचौंध में उतर के नाचती गाती रोज पर्दा खुलता और एक नया खेल शुरू होता.

हीरामन और हीराबाई को पता भीं नहीं चला की नौटंकी की इस दुनियां में पर्दे के पीछे एक और खेल शुरू हो गया और देखते ही देखते वे खुद तमाशा बन गये

आगे परदेदर देखिए

❀ शैलेंद्र प्रेझेंट ❀

डायरेक्टर–बासू भट्टाचार्य ◙ म्यु.–शंकर जयकिशन

कलाकार–राजकपूर, वहीदा रेहमान, दुलारी, इफ्तीखार

तीसरी कसम के गाने

१–मुकेश–सजन रे झूठ मत बोलो खुदा के पास जाना है

न हाथी है न घोडा है वहां पैदल ही जाना है

तुम्हारे महल ये चौबारे यहीं रह जायेंगे सारे

अकड किस बात की प्यारे ये सर फिर भी झुकाना है

सजनरे झूठ मत बोलो......

भला किजे भला होगा बुरा किजे बुरा होगा

वही लिख लिख क्या होगा

यहीं सबकुछ चुकाना है, सजन रे......

लडकपन खेलमें खोया जवानी निंद भर सोया

बुढापा देखकर रोया, वही किस्सा पुराना है, सजनरे

—शैलेंद्र

२–मुकेश–सजनवा बैरी हो गए हमार

चिठिया हो तो हर कोई बाचे भाग न बाचे कोय

करमवा बैरी हो गए हमार

जाय बसे परदेश सजनवा सौतन को भरमाए

न संदेश न कोई खबरिया रूत आए रूत जाए

डूब गये हम बीच भवर में करके सोलह पार

सजनवा बैरी हो गये हमार...
सुनी सेज गोद मोरी सुनी भरम न जाने कोय
छटपट तडपे प्रीत बिचारी ममता आंसू रोय
न कोई इसपार हमार न उस पार
सजनवा बैरी हो गये हमार... —शैलेंद्र

मुकेश— ३

दुनियां बनाने वाले क्या तेरे मनमें समाई
काहे को दुनियां बनाई
तुने काहे को दुनियां बनाई......
काहे बनाये तुने माटी के पुतले
धरती ये प्यारी प्यारी मुखडे ये उजले
काहे बनाया तुने दुनियां का खेला जिसमे लगाया जवानी का मेला
गुपचुप तमाशा देखे वाहरे तेरी खुदाई
तुने काहे को दुनियां बनाई...
तु भी तो तडपा होगा मनको बनाके
तुफां ये प्यारका दिल में छुपाके
कोई छबी होगी आंखों में तेरी
आंसू भी छलके होंगे पलको में तेरी
बोल क्या सुझी तुझको काहे प्रीत जगाई, तुने काहे...
प्रीत जगाके तुने जीना सिखाया
हंसना सिखाया रोना सिखाया

जीवन के पथपर मीत मिलाये मीत मिलाके तूने सपने जगाये
सपने बनाके तूने काहे को दे दी जुदाई
तूने काहे को दुनिया बनाई

—४— हसरत जयपुरी

चलत मुसाफिर मोहे लिया रे
पिंजडे वाली मुनिया...
उड उड बैठी हलवाईया दूकनिया
बरफी के सब रस ले लिया रे
पिंजडे वाली मुनिया
उड उड बैठी बजजवा दूकनिया
कपडा के सब रस ले लिया रे
पिंजडे वाली मुनिया
उड उड बैठी पनवाडिया दूकनिया
बीडा के सब रस ले लिया रे
पिंजडे वाली मुनिया...

—५— शैलेंद्र

पान खाए सैयां हमारो......
सांवली सूरतिया होठ लाल लाल
हाय हाय मलमल का कुर्ता
मलमल के कुर्ते प छींट लाल लाल
हमने मंगाई सुरमदानी ल आया जालिम बनारस का जर्दा

अपनी ही दुनियां में खोया रहे वो
हमारे जी को न पुछे बेदर्दी पान खाए ...
बगिया गुन २ पायल छुन २ चुपके से आई है रूत मतवाली
खिल गई कलियं दुनियां जाने लेकिन न जाने
बगिया का माली, पान खाए... ...
खाके गिलोरी शामसे उंघ, सो जाए दिया बातीसे पहल
आंगन अंटारी मै घबराई डोलुं
चोरी के डरसे दिल मेरा दहल, पान खाए...

—६— —शैलेंद्र

मारे गये गुलफाम अजी हां मारे गये गुलफाम
उल्फत भी रास न आई अजी हां मारे गये गुलफाम
एक सब्ज परी देखी और दिल को गंवा बैठे
मस्तानी निगाहो पे फिर होश लुटा बैठे
काहे को मै मुस्कुराई, अजी हां मारे गये गुलफाम...
अबरू की कटारी से नैनों की दो धारी से
वह हाँके रहे जख्मी इक बादेबहारी से
ये जुल्फ क्या लहराई
अजी हां मारे गये गुलफाम ...
एक प्यार की महफिल मे. वो आए मुकाबिल में
वो तीर चले दिलपर हलचल सी हुई दिल में
चाहत की सजा पाई

अजी हां मारे गये गुलफाम -हसरत

--७--

हाय गजब कहीं तारा टुटा लुटा रे लुटा मेरे सैयांने लुटा
पहला तारा अटारिया पे टुटा
दांतो तले मैने दाबा अंगुठा
लुटा रे लुटा संवरिया ने लुटा
दुसरा तारा बजारिया में टुटा
देखा है सबने की मेला था छुटा
लुटा रे लुटा सिपहिया ने लुटा
तीसरा तारा फूल बगिया में लुटा
फुलों से पुछे कोई है कौन झुटा
लुटा रे लुटा दरोगा ने लुटा... -शैलेंद्र

--८--

लाली लाली डोलिया में लाली रे दुलहनियां
पिया की प्यारी भोली भाली रे दुलहनियां
मीठे २ बैन तीखे नैनों वाली रे दुलहनियां
लौटेगी जो गोदी भर हमें न भुलाना
लड्डु पेडे लाना अपने हाथों से खिलाना
तेरी सब राते हो दिवाली रे दुलहनियां...
दुल्हे राजा रखना जतन से दुल्हन को
कभी न दुखाना तुम गोरिया के मनको

नाजुक है नाजों का पाली रे दुल्हनियां...
मन मुस्काए दोनों मुखडा छुपाए
भेद न खोले न तो बोले न बताए
जुग २ जिए जोडी मतवाली रे दुल्हनियां —शैलेंद्र

—९—

रहेगा इश्क तेरा खाक में मिलाके मुझे
हुए है इबतेदा में रंज इन्तेहा के मुझे
आ भी जा रात ढलने लगी
चांद छुपने चला शमा की तरह रातभर
तेरी याद म बखबर
जली आरजू दिल जला
सितारों मुंह फेरकर
कहा अलविदा हमसफर
चला कारवां अब चला
उफक पर खडी है सहर
अन्धेरा है दिलमें इधर
वही रोज का सिल सिला......

प्रकाशक—एफ. बी. बुरहानपूरवाला सेंट्रल प्रकाशन
सिंप्लेक्स बिल्डिंग पाववाला स्ट्रीट बंबई ४
मुद्रक—एस. के. खरगोनवाला
बाकीर प्रिंटिंग प्रेस मुझफराबाद हॉल ग्रांट रोड बंबई ७

दि ट्रेन

किमत १० पैसे

* राजेंद्रकुमार प्रेझेंट *

डायरेक्टर-रवि नागेश 卐 म्यु.-राहुलदेव बर्मन

कलाकार-नंदा, राजेश खन्ना, हेलन, राजेंद्रनाथ, मदनपुरी, सुंदर

गाने—आनंद बक्षी

दि ट्रेन के गाने

—१—

किस लिए मैंने प्यार किया
दिल को यूं ही बेकरार किया
शाम सवेरे तेरी राह देखी
रात दिन इंतजार किया
आंखों में मैने काजल डाला, माथे पे बिंदिया लगाई
ऐसे में तू आजाये तो क्या हो राम दुहाई
चुपके मन में अरमानों ने ली जैसी अंगडाई
कोई देखे तो क्या समझे हो जाए रुसवाई
नि क्यूं सिंगार किया, दिल को यूं ही बेकरार किया
शाम सवेरे तेरी राह देखी
रात दिन इंतजार किया
आज वो दिन है जिसके लिए मैं तडपी बनके राधा
आज मेरे मनकी बेचैनी बढ गई और ज्यादा
प्यार में धोका न खा जाए ये मन सीधा साधा
ऐसा न हो झूठा निकले आज मिलन का वादा

मैने क्यूं एतबार किया
दिल को यूं ही बेकरार किया
शाम सवेरे तेरी राह देखी
रात दिन इंतजार किया

—२—

लडका-मुझसे भला ये काजल तेरा
नैन बसे दिन रैन-नि सोनिये २
लडकी-हो छोड बेदर्दी आंचल मेरा
हो गई मै बेचैन-रे सोनिया २
लडका-नाम कि तू है मेरी सजनिया
नाम का हूं मै तेरी पिया-ओ
रेशमी लटसे खेले ये गजरा
दूर से तरसे मेरा जिया
लडका-हां हां
लडकी-ना ना
लडका-तौबा कैसी
लडकी-तौबा
लडकी-नाम है प्रेमी पागल तेरा तो संग
लागे नैन-रे सोनिये २
लडकी-प्रेमी गली में होगा न बलमा
तुझसा दिवाना और कोई-ओ
चैन उडाना, निंद चुराना सीखे यह तुझसे चोर कोई
लडकी-हां हां
लडका-ना ना

लडका–गोरी लडकी–क्या है सैयां

लडका–हां आप हूं मै तो घायल तेरा

तडपू सारी रैन–नि सोनिये २

लडकी–छोड बेदर्दी...मेरा हो गई...वे सोनिया २

लडका–चाहे पवन हो चाहे किरन हो

छूने न दूंगा तेरा किरन

लडकी–जलता है मन तो मन मैं छुपा के

रख ले मुझे तू मेरे सजन

लडका–ना ना लडकी–हां हां

लडका–रानी लडकी–क्या है राजा

लडका–हां रुप बरसता बादल तेरा प्यासे है नैन–नि सोनिये २

लडकी–ओ छोड...मेरा हो गई...रे सोनिया २

—३—

लडका–ओ मेरी जां जां मैने कहा, ओ मेरी जां तूने सुना

दिलने दिलसे क्या कहा बिगी २ ३ ४ ५ ६ ७

लडका–ओ मेरी जां मैने कहा, ओ मेरी जां तूने सुना

दिलने दिलसे क्या कहा

लडकी–बातों बातों मे करती हूं कमाल, ए २ ३ ४ ५ ६ ७

बस जाती हूं मै दिलमें बनके ख्याल, तारी री री

आंखों २ में देती हूं मै जवाब

आंखो २ मैं करती हूं मै सवाल

लडका-ओ मेरी...कहा, ओ मेरी सुना
दिलने...कहा, मेरे होठों पे अफसाना प्यार का
लडकी-मै भी थोडीसी रहती हूं बेकरार ए २ ३ ४ ५ ६ ७
तू भी थोडासा लगता है बेकरार, तारी री रां रा
तेरी मेरी तो हालत है एक सी, ए २ ३ ४ ५ ६ ७
क्यों ना आपस में हम दोनों करले प्यार
लडकी-मेरी...कहां मेरी...सुना
दिलने...कहा दादु देरा दादू ला ला
लडका-दिल कश बातें हंसी मैफिल दिले जवां
ए २ ३ ४ ५ ६ ७ ऐसी रातें जवानी में फिर कहा
तारी री रा रा ए २ ३ ४ ५ ६ ६
तेरे लब पे मुहब्बत की दास्तां
लडका-मेरी जां मैने कहां मेरी जां तूने सुना
दिल ने दिलसे क्या कहां

—४—

गुलाबी आंखें जो तेरी देखी
शराबी यह दिल हो गया
संभालो मुझको ओ मेरे यारों
संभलना मुश्किल हो गया
दिल पे मेरे ख्वाब तेरे तस्वीरें जैसे हो दिवार पे
तुपे फिदा मै क्यूं हुआ आता है गुस्सा मुझे प्यारपे

मै लुट गया मान ले दिलका कहा
मै कहीं का न रहा, क्या करुं मै दिलरुबा
बुरा ये जादू तेरी आंखों का
यह मेरा कातिल हो गया
गुलाबी आंखें जो तेरी देखी शराबी यह दिल हो गया
मैने सदा चाहा यहीं दामन बचालूं हसीनों से मै
तेरी कसम ख्वाबों में भी
बचता फिरा नाजनीनों से मै
तौबा मगर मिल गई तुझसे नजर
मिला गया दर्द जिगर सुन जरा ओ बेखर
जरासा हंस के जो देखा तूने
मै तेरा बिस्मिल हो गया
गुलाबी आंखें जो तेरी देखी शराबी यह दिल होगया
संभालो मुझको ओ मेरे यारों संभलना मुश्किल हो गया

—५—

मैने दिल कभी दिया नहीं मै अभी क्या जानूं
मै हूं नादान तू अंजान मै कैसे मानू
बस आज नहीं तो हम मिले है बेचैन होठोंपे मिले है
दो चार होगी मुलाकाते फिर होगी प्यार भरी बातें
मैने प्यार कभी किया नहीं मै अभी क्या जानूं
मै हूं नादान तू अंजान मै कैसे मानूं

सौ बार लोगोंसे सुना है इस प्यार में भी इक नशा है
दो घूंट पीलूं तो बताऊं ऊफ यह जाम अभी पिया नहीं
मै अभी क्या जानूं
मै हूं नादान तू अंजान मै कैसे मानू
मैंने दिल अभी दिया नहीं

—६—

छैया रे छैया रे तारों की छैया
सैयां रे सैयां रे छुप के सैयां
आइके पकडालिनी क्यों, मै का करुं
चोर निकला वो शहरी बाबू, निंद चुराली मोरी
उसकी मिठी बातों में आ गई, मै गांव की गोरी
प्रेम की अखियां प्यार की बतियां
जैसे भूल भूलैया–मै क्या करुं
बेदर्दी को बाली उमर पे हाय तरस न आया
कैसे देखा जैसे देखा, जैसे तीर चला
हाय, वो न माना कोई बहाना
लाख पडी मै पैया... मै क्या करुं...

[प्रका]शक—एफ. बी. बुरहानपुरवाला, सेंट्रल प्रकाशन, सिंप्लेक्स
[बि]ल्डिंग, पाववाला स्ट्रीट, ड्रीमलैंड सिनेमा, न्यू चार्नीरोड, बंबई ४
मुद्रक—एस. के. खरगोनवाला
बाकीर प्रिंटिंग प्रेस, मुझफराबाद हॉल, ग्रांट रोड, बंबई ७

उपकार

मूल्य ३० पैसे

asha parekh • manoj kumar • kamini kaushal & pran

VISHAL PICTURES'

UPKAR

❁ विशाल पिक्चर्स कृत ❁

डायरेक्टर-मनोज कुमार ✤ म्यु.-कल्याणजी-आनंदजी

कलाकार-आशा पारेख, मनोज कुमार, प्रेम चोपडा व.

• उपकार के गाने •

महेंद्र और साथी-- १

मेरे देश कि धरती ओ मेरे देश कि धरती

सोना उगले २ हीरे मोती, मेरे देश...

बैलो के गले में जब घुंघरु

जीवन का राग सुनाते है

गम कोसो दुर हो जाता है

खुशियो के कमल मुस्काते है सुनके रेहटकी आवाज

युं लगे कही शहनाई बज आते ही मस्त बहारो के

दुल्हन की तरह हर खेत सजे मेरे देश...

जब चलते है इस धरती पे हल

ममता अंगडाईयां लेती है

क्यो ना पुजे इस माटी को

जो जीवन का सुख देती है

इस धरती पे जिसने जनम लिया

उसने ही पाया प्यार तेरा

यहां अपना पराया कोई नही

है सबपे मां उपकार तेरा, मेरे देश की...

यह बाग है गौतम नानक का
खिलते हैं चमन के फूल यहां गांधी सुभाष
गांधी सुभाष टैगोर तिलक ऐसे हैं चमन के फुल यहां
रंग हरा हरी सिंह नवले से रंग लाल है लालबहादुर से
रंग बना बसंती भगत सिंह
रंग चमन का बीर जब जब से मेरे देश...
मेरे देश कि धरती सोना उगले २ हीरे मोती
२-आया पीली २ सरसो फूली पीला उडे पतंग
ओ पीली उडी चुनरिया
ओ पीली पगडी के संग
गले लगा के दुश्मन को भी यार बनालो कहे मलंग
आई झुमके बसंत झुमो संग में
आज रंग लो दिलो को इक रंग मे
आई झुमके बसंत...
है ये धरती सभी कि गगन सब का
तेरा मेरा जो कहीं है यह चमन सब का
हो तेरा मेरा जो कहे वो है छोटे दिलका
अरे दिल से ब ल जो है खोटे दिलका
ओ कोई छोटा न बडा ओ कोई खोटा न खरा
ओ जीना सीख लो
जरा इक ढंग मे आई झुम के बसंत

मेरी मिट्टी के लाओ मन दाने
दान तेरा भट्टी में भून गये जा के
दिल को रखना ओ बुढे बचाके
भून ड लूंगी म दानो मे मिला के
ओ प्यारी फिटे मुं छोड पीछा-अरे ओ हट्टी वाले
तभी छोडूंगा जब तूने हां कि
बुढापे कि शर्म कर, फिटे मुं बच्चो वाले
अरे दो दो बच्चो वाले
ओ प्यारी इनको भी तो जरुरत है मां कि ना २ ब बू
क्या है बेटे ओ बापू झुठ न ऐसे बोल
हम तो हीरे है अनमोल हमको भट्टी में न रोल
अपने दिल के संग में आई झुमके बसंत
आज लागे नही धरती पे मेरे पांव रे
बात दिलकी चाहे जान ही ले सारा गांव रे
नरसे प्यार कि फुआर
है यह खुशी का मल्हार
आज यहां न रहेगा कोई भी अकेला
जाने तुझमें क्या है बात
तुम को याद करुं दिन रात
दिल यह चाहे थाम के हाथ
चल दुं तेरे संग में आई झुमके बसंत

३-मन्नाडे-कसमें वादे प्यार वफा

सब बातें बातों का क्या कोई किसी का नही है
यह झुठे नाते है नातो का क्या
होगा मसीहा सामने तेरे फिर भी न तू बच पायेगा
तेरा अपना खुन ही आखिर तुझको आग लगायेगा
आसमां पे उड़ने वाले मिट्टी में मिल जायेगा
सुख मे तेरे साथ चलेंगे दुखमें सब मुख मोड़ेंगे
दुनिया वाले तेरे बनकर तेरा ही दिल तोड़ेंगे
देते है भगवान को धोका इन्सां को क्या छोड़ेंगे
यह झुठ नाते है नातो का क्या कसमें वादे
यह बातें है बातों का क्या

४-मुकेश-दिवानो से ये मत पुछो
दिवानो पे क्या गुजरी है
हां उनके दिलों से यह पुछो
अरमानो पे क्या गुजरी है औरो को पिलाते रहते है
और कुद प्यास रह जाते है ये पीने वाले क्या जाने
पैमानो पे क्या गुजरी
मालिक ने बनाया इन्सां को
इन्सान मुहब्बत कर बेठा
वो उपर बैठा क्या जाने इन्सानोपे क्या गुजरी है
हां उनके दिलो से ये पुछो अरमानो पे

५-आशा-गुलाबी गुलाबी रात गुलाबी
गुलाबी रात की हर बात गुलाबी
तुमसे निगाहें मिली राज़ दिल पा पा गए
लो हम बुलाये बगैर बाहों में आ आ गए
तुम भी हो राज़ी हम भी हैं राज़ी
जीत ल बाज़ी-आ हा हा हा
गुलाबी रात की हर बात गुलाबी गुलाबी
जाने न दे हाथ से पली हंसी रात की
पहलू में ठहराले तू
बहारों की बारात को दिल जलादे शमेंअ बुझादे
तुफां उठा दे.. आ हा हा हा
काली यह काली रात काली
है काली रात की हर बात काली
६-रफी-रोती लो कहां, अफसोस यहां
पानी कि भी लाचारी है
आंचल का अमृत सुख गया
ममता भी भूख से हारी है इनकी रगों में खून कह
फल कहां है इनके पसीने का
यह प्यासी रुह पुछती है
किसने छीना हक जीने का
कुछ लोग यहां पर ऐसे हैं औरों का जीवन जीते

ुपके चुपके मदीरा की तरह
इन्सां का लहु जो पीते हु
कफ़र तन ढकने कि खातिर
ुद तन ही बिकने लगता हे
कोई पेट पालने निकला तो
ोई पेट में पलने लगता है मंहगाई बढाने वालो से
ह भूखे फरिश्ते पुछते है अनाज दबाने वालो से
ह भूख फरिश्ते पुछते है
यह हाल रहा तो दुनिया मे
ारत की कहानी क्या होगी
जिस देश का बचपन भूखा है
िर उसकी जवानी क्या होगी
ी-वह कैसी-यह कैसी रात कैसी-२
ह बढती जा रह है बात कैसी
यह कैसी रात कैसी यह कैसी रात कैसी
ारो सुलगी सिंदुर जले
ोया है कोई शोलो के बले
इस तरह जला कोई जिंदा
ो मौत हुई है शरमिंदा धरती अर्थी बन जाती है
जब जब बारुद पिघलती है
लगती है किसी मां के दिल पर

सीमा पे ये गोली चलती है

इन्सां को कौन लडाता है

क्यो जंग अभी तक जारी है

लाशे जो खरीदा करता है युं कौन एसा व्यापारी है

लता-- ८

हर खुशी हो वहां तू जहां भी रहे

जिन्दगी हो वहां तू जहां भी रहे

यह अन्धेर मुझे इसलिए पसंद

इन मे साया भी अपना दिखाई न दे

रोशनी हो वहां तू जहां भी रहे

जिन्दगी हो वहां तू जहां भी रहे

हर खुशी हो वहां तू जहां भी रहे

चांद घुंघला सही गम नही है मुझे

तेरी रातो पे रातो का साया न हो

चांदनी हो वहां तू जहां भी रहे

जिन्दगी हो जहां तू जहां भी रहे

हर खुशी हो वहां तू जहां भी रहे

प्रकाशक—एफ. बी. बुरहानपुरवाला, सेंट्रल प्रकाशन
सिंप्लेक्स बिल्डिंग, पायवाला स्ट्रीट बंबई ४
मुद्रक—एम. के. खरगोनवाला
[illegible] प्रिंटिंग प्रेस, मुजफ्फराबाद हॉल ग्रांट रोड बम्बई-७